दिनांकः 14.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों ने प्रचार में अपनी पूरी ताकत लगा दी है। चुनाव सभाओं और रैलियों का दौर जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज भरतपुर संसदीय क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा डीग स्थित पूंछरी का लोटा और श्रीनाथजी के दर्शन करेंगे। इसके बाद वे कुम्हेर में चुनावी प्रचार सभा को संबोधित करेंगे और रूपवास में प्रबुद्धजन सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।
वहीं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी भी आज से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। श्रीमती गांधी जालौर लोकसभा क्षेत्र के भीनमाल में कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी मौजूद रहेंगे।

....

भारतीय जनता पार्टी ने आज नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र 'संकल्प पत्र' जारी किया। इसमें समान नागरिक संहिता, एक राष्ट्र एक चुनाव और 'एकल मतदाता सूची' का वादा किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पार्टी का संकल्प पत्र जीवन की गरिमा और गुणवत्ता पर केंद्रित है। संकल्प पत्र में युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों के सशक्तिकरण की बात कही गयी है। इसमें पीएम गरीब कल्याण अन्न के तहत अगले पांच साल तक मुफ्त राशन देना जारी रखने का वादा किया गया है। संकल्प पत्र में तीन करोड़ लखपति दीदीयों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है और पीएम सूर्य घर योजना के साथ बिजली बिल शून्य करने का वादा किया गया है। घोषणा पत्र में गगनयान लॉन्च किये जाने का भसी जिक्र किया गया है। घोषणापत्र में भारत को 'मौसम के लिए तैयार' और 'जलवायु–स्मार्ट' बनाने के लिए मौसम नामक एक राष्ट्रीय वायुमंडलीय मिशन शुरू करने का भी वादा किया गया है। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण मौजूद रहे।

....

आम चुनाव के मद्देनजर चलाये जा रहे आओ बूथ चलें अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदान केन्द्रों पर मतदाता पर्ची और गाइडलाइन का वितरण किया जा रहा है। सवाईमाधोपुर में पीले चावल बांटकर मतदाताओं को आमंत्रित किया जा रहा है।
झालावाड़ में मतदाता रैली का आयोजन किया गया। रैली में नगर पालिका और विभिन्न सरकारी कार्यालयों के कर्मचारियों ने चुनाव आयोग की ओर से जारी स्लोगन लिखी तख्तियां हाथों में लेकर मतदान का संदेश दिया।

....

राष्ट्र, आज भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उन्हें नमन कर रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर देशवासियों को बधाई दी है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि डॉ. अम्बेडकर की दृष्टि देश के विकास के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की समावेशी विकास की दृष्टि आज विकसित भारत के संकल्प को साकार कर रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी बाबा साहब को याद करते हुए कहा कि वे समाज के शोषित और वंचित वर्ग की मुखर आवाज़ थे। उन्होंने वंचित वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। श्री बिरला ने कहा डॉक्टर अम्बेडकर द्वारा बनाया गया संविधान सभी लोकतांत्रिक देशों के लिए आदर्श है। इस अवसर पर प्रदेशभर में भी बाबा साहब की याद में कई स्थानों पर श्रृद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन स्थित संविधान पार्क में डॉक्टर अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।
जयपुर के अम्बेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिरकत करते हुए कहा कि बाबा साहब के योगदान को देश भुला नहीं सकता। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद रहे। इससे पहले, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने जयपुर में अम्बेडकर सर्किल पर बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।
झालावाड़ में झालरा पाटन नगर पालिका की ओर से सफाई मित्रों और कचरा बीनने वाले रैक पिकर्स के लिए सम्मान और सुरक्षा दिवस कार्यक्रम के रूप में बाबा साहब की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। बाड़मेर में विचार गोष्ठी और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसके साथ ही चौहटन में मोटर साइकिल रैली निकाली जाएगी। बारां में अम्बेडकर सेवा संस्थान की ओर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के मुख्य बाजारों से होती हुई स्वामी विवेकानन्द पार्क पहुंचेगी।

....